## महत्वपूर्ण एवं खास

### कोविड से मृत व्यक्तियों के वारिसानों को अनुग्रह सहायता अनुदान राशि स्वीकृत

**रायगढ़।** छ.ग.शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय द्वारा जारी आदेश के तहत कोविड-19 कोरोना वायरस से मृत व्यक्तियों के परिजनों/आश्रितों को अनुग्रह अनुदान सहायता राशि प्रदाय किया जा रहा है। जिसमें रायगढ़ जिले से शांति देवी शर्मा, चन्द्रिका राउत, महेश अग्रवाल एवं लाल कुमार पटेल की कोविड से मृत्यु होने से उनके नजदीकी वारिसानों को 50-50 हजार रुपये अनुग्रह सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### पीएचसी गाँधी नगर में शुरू हुआ प्रसव सुविधा

**रायगढ़।** कलेक्टर तारन प्रकाश सिंह के दिशा-निर्देशन एवं सीएमएचओ डॉ. मधुलिका सिंह ठाकुर की मार्गदर्शन में आज गाँधी नगर जूटमिल रायगढ़ में सामान्य प्रसव की सेवाएं प्रारंभ हो गई है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गाँधी नगर द्वारा संस्था में प्रथम सामान्य प्रसव कराने में सफलता मिली है। प्रसव उपरांत नवजात शिशु (बेटी )का जन्म हुआ है। जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ है। उक्त उपलब्धि में जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ.बी.पी.पटेल, डॉ.दिव्या मेरावी, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी एवं उनके सहयोगी टीम का विशेष योगदान रहा। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र इंदिरा नगर में प्रसव के लिये आज गर्भवती माता को पंजीयन कराकर भर्ती किया गया था।

### केएमटी कालेज में आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का हो रहा आयोजन

**रायगढ़।** के.एम.टी. शासकीय कन्या महाविद्यालय रायगढ़ के प्राचार्य प्रो.के.सी. कछवाहा ने जानकारी देते हुए बताया कि महाविद्यालय में 5 फरवरी तक आत्मसुरक्षा संबंधी सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उक्त शिविर में महाविद्यालय के लगभग 60 छात्राओं द्वारा उत्साह पूर्वक भाग लिया जा रहा है। प्रशिक्षण शिविर प्रात: 8 से 9 बजे तक निर्धारित है। प्रशिक्षण शिविर के प्रशिक्षक सुश्री नीलू यादव एवं मानसी बरेठ तथा बबली यादव द्वारा विभिन्न तरह के आत्मसुरक्षा की कला छात्राओं को सिखाई जा रही है, जो कि उनके जीवन के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण तथ्य है। वर्तमान समय में महिलाओं (लड़कियों) को अपने आपको सुरक्षित रखने में शिविर के माध्यम से जानकारी दिया जा रहा है। प्राचार्य ने महाविद्यालय के छात्राओं से आगामी 5 फरवरी तक आयोजित शिविर में सम्मिलित होकर अपने आपको सशक्त करने हेतु आग्रह किया है।

### शासकीय एवं अशासकीय विद्यालय के प्राचार्यों की हुई समीक्षा बैठक

**रायगढ़।** जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल की अध्यक्षता में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय नटवर रायगढ़ में विकासखंड अंतर्गत स्थित शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के प्राचार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। इस दौरान विकास खंड शिक्षा अधिकारी रायगढ़ जी आर.जाटवर, एबीईओ रायगढ़ डी.पी पटेल एवं अनिल कुमार साहू उपस्थित रहे। उक्त समीक्षा बैठक में शासकीय हाई एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों के प्राचार्यों को बैठक के एजेंडा में शामिल विभिन्न बिंदुओं से संबंधित जानकारी सहित उपस्थित होने निर्देशित किया गया था। जिला पंचायत अध्यक्ष पटेल ने बिन्दुवार समीक्षा करते हुए शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के प्राचार्यों को विशेषकर आगामी बोर्ड परीक्षाओं की प्रावीण्य सूची में जिले के विद्यार्थियों के स्थान सुनिश्चित करने हेतु विशेष प्रयास करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने महतारी दुलार योजना, जाति प्रमाण पत्र, छात्रवृत्ति, नवोदय विद्यालय परीक्षा, निरीक्षण, पाठ्यक्रम पूर्णता, शिक्षा का अधिकार, उपचारात्मक शिक्षा, तिमाही व छ:माही परीक्षा परिणाम, यू डाइस कोड की ऑनलाइन एंट्री, मान्यता एवं वार्षिक परीक्षा हेतु बच्चों के बेहतर परिणाम हेतु कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए। रायगढ़ जिले में फाइलेरिया रोग से बचाव व जागरूकता से संबंधी जानकारियों के प्रचार-प्रसार हेतु रायगढ़ जिले की मेडिकल टीम भी उक्त बैठक में उपस्थित रही। जिसमें बीएमओ लोइंग डॉक्टर प्रदीप राठौर, कोऑर्डिनेटर अर्बन रायगढ़ प्रभुदत्त बस्तिया, डॉक्टर काकोली पटनायक, डॉक्टर वैभव डियोडिया की टीम ने फाइलेरिया रोग के लक्षण, रोग के कारण व रोकथाम के उपाय संबंधी विस्तृत चर्चा करते हुए आवश्यक जानकारी प्रदान की।

# रीपा से ग्रामीण उद्यमिता को मिलेगा बढ़ावा, जल्द पूरे करें सभी जगहों पर रीपा का काम-कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा

- गोबर पेंट यूनिट के लिए गोठान चयन कर कार्यों में लाए तेजी
- कलेक्टर सिन्हा ने ली आजीविका संवर्धन से जुड़े विभागों की बैठक





**रायगढ़।** कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में रीपा गौठान, लाईवलीहुड, उद्योग एवं संबंधित जिला स्तरीय विभागों की संयुक्त बैठक ली। कलेक्टर सिन्हा ने कहा की शासन द्वारा गोठानों को रीपा के तहत विकसित करने का उद्देश्य ग्रामीण उद्यमिता को बढ़ावा देना तथा ग्रामीणों के स्थायी आय संवर्धन दिशा में कार्य करना है। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा भी उपस्थित रहे।

कलेक्टर सिन्हा ने विकासखंडवार चयनित रीपा गोठानों की समीक्षा की। उन्होंने सभी जनपद सीईओ एवं नोडल अधिकारियों से रीपा के तहत चयनित गतिविधियों, समूह, आवश्यक सामग्री एवं अधोसंरचना के कार्यों की अद्यतन जानकारी ली। सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा ने बताया कि जिले में रीपा के तहत 14 गोठानों का चयन किया गया है। जिसमें विभिन्न आय मूलक पारंपरिक एवं व्यावसायिक गतिविधियां संचालित की जायेगी। उन्होंने बताया कि जिले के उद्योगों द्वारा गोठानों के आधारभूत संरचना और सुविधाओं के विकास के लिए सहयोग प्रदान किया जा रहा है। कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि सामाजिक जिम्मेदारी के रूप में उद्योगों द्वारा रीपा गोठानों के लिए बेहतर सहयोग प्रदान किया जा रहा है, वे लाइवलीहुड में भी सहयोग प्रदान करें, ताकि कार्यों को और बेहतर रूप संचालित किया जा सके।

कलेक्टर सिन्हा ने कहा की रीपा में ऐसी गतिविधियों को प्राथमिकता प्रदान की जाए, जिससे समूह, संबंधित व्यक्तियों को बेहतर लाभ प्रदान हो और कार्य संचालन स्थायी रहे। उत्पाद के लिए बाजार का विश्लेषण कर जिन उत्पाद को बड़ी मात्रा में उत्पादन कर बाजार में बिक्री कर लाभ प्राप्त किया जा सके, उन उत्पादों और गतिविधियों पर प्राथमिकता से कार्य किया जाए। इसके साथ ही नये एवं पारंपरिक उद्यमी जिनको व्यापार करना है उन्हें रीपा गोठानों में स्थान प्रदान करें। हमारा कार्य योजनाओं को मूर्त रूप में लाना, सुविधाएं प्रदान करना है, जिससे उनका एक स्थायी आय का साधन निर्मित हो सके।

इस दौरान महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग शिव कुमार राठौर, सभी जनपद सीईओ, उद्योग प्रतिनिधि, गौठान नोडल अधिकारी सहित संबंधित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

**गोबर पेंट यूनिट के लिए गोठान चयन कर कार्यों में लाए तेजी-** कलेक्टर सिन्हा ने कहा की जिले में गोबर पेंट की यूनिट नहीं है। जिसके लिए जिले के रीपा गोठानों से एक गोठान का चयन कर अधोसंरचना, मशीन एवं ट्रेनिंग जैसे कार्यों को यथाशीघ्र प्रारंभ किया जाए। जिससे जिले की आवश्यकताओं की पूर्ति की जा सके। इस दौरान उन्होंने कहा कि गोठानों में ऐसे गतिविधियों को चयनित किया जाए जो लाभप्रद हो। इसके साथ ही चयनित समूहों को उन गतिविधियों के संबंध में जरूरी प्रशिक्षण प्रदान करवाएं।

**ये गौठान बनेंगे ग्रामीण औद्योगिक पार्क-** जिले में 14 गोठानों का चयन किया गया है जिसके अन्तर्गत विकासखंड रायगढ़ अंतर्गत ग्राम-डोंगीतराई एवं पंडरीपानी, पुसौर से सूपा एवं तरडा, खरसिया से भूपदेवपुर एवं बोतल्दा, तमनार विकासखंड के तमनार एवं मिलुपारा, धरमजयगढ़ में बरतापाली, दुर्गापुर, लैलूंगा विकासखंड में कोडासिया, मुकडेगा, घरघोड़ा से बैहामुड़ा एवं ढोरम आदि गोठानों को रीपा के तहत चयन किया गया है। जिन्हे ग्रामीण औद्योगिक पार्क( रीपा) अंतर्गत विकसित किया जाएगा। जहां फेब्रिकेशन, दोना-पत्तल, सीमेंट पोल, पेयर ब्लॉक, फिश फीड, मुर्रा, चावल प्रोसेसिंग, मशरूम उत्पादन, ऑयल, सिल्क, बेकरी जैसे विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया जाना है।

## बावलीकुआं क्षेत्र में मारपीट करने वाले तीन युवक गिरफ्तार, कोतवाली पुलिस ने भेजा रिमांड पर



**रायगढ़।** चूना भट्ठा के पीछे कोतरारोड बावलीकुआं में रहने वाले दो परिवार के सदस्यगण थाना कोतवाली आकर रिपोर्ट दर्ज कराये कि बापू नगर के कुछ युवक, एक लड़के को ढूंढते हुए जबरन घर में घुसकर गाली गलौच, मारपीट किये हैं, रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में आरोपियों के विरूद्ध दो अलग-अलग अपराध दर्ज कर कोतवाली पुलिस ने मारपीट में शामिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

घटना को लेकर बाबली कुंआ में रहने वाली ननकी बाई महंत और सुमित्रा निषाद के द्वारा आरोपियों पर घर घुसकर अश्लील गाली-गलौच कर जान से माने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का व डण्डा से मारपीट मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराया गया है। रिपोर्टकर्ता के बताये अनुसार नामजद आरोपी अभय सोना, श्रीकांत गन और अन्य के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। नामजद आरोपियों की धरपकड़ करने पर मारपीट में शामिल उनके एक साथी सावन बेहरा को भी हिरासत में गया है, मारपीट में शामिल अन्य आरोपी फरार है। जिनकी पतासाजी की जा रही है। गिरफ्तार आरोपी (1) अभय सोना पिता क्रांति सोना 18 साल (2) श्रीकांत गन पिता गोपीनाथ गन 18 साल (3) सावन बेहरा पिता संजू बेहरा उम्र 22 साल तीनों निवासी बापू नगर थाना कोतवाली रायगढ़ से बांस का डंडा जप्त कर आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शनिप रात्रे, प्रधान आरक्षक श्रीराम साहू, दिलीप भानु तथा हमराह स्टाफ की आरोपियों की पतासाजी, गिरफ्तारी में अहम भूमिका रही है।

## कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने सेवानिवृत्ति हुए शासकीय सेवकों को अगले ही दिन सौंप दिया पेंशन और ग्रेच्युटी भुगतान का आदेश

- बारह सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों को सेवानिवृत्ति के दूसरे दिन ही पेंशन और ग्रेच्युटी पेमेंट का आदेश जारी



**रायगढ़।** 31 जनवरी को रिटायर हुए 12 शासकीय सेवकों को उनकी सेवानिवृत्ति के अगले ही दिन 1 फरवरी को कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने पेंशन और ग्रेच्युटी भुगतान का आदेश सौंप दिया। कलेक्टर सिन्हा ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पुष्प गुच्छ भेंट कर उनके स्वस्थ, सुखद व दीर्घायु जीवन के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा भी मौजूद रहे।

सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों ने कलेक्टर सिन्हा तथा कोषालय विभाग का आभार जताया कि समय पर उनके पेंशन और ग्रेच्युटी भुगतान की प्रक्रिया पूरी कर आदेश जारी कर दिया गया है। इससे उन्हें बड़ी सहूलियत होगी। दिनांक 31 जनवरी को बारह कर्मचारी धनीराम साव, हीरालाल पटेल, राजकुमार सिदार, गौतम प्रसाद सिदार, पंचराम सिदार, कृष्ण कुमार पटेल, अमर सिंह पैंकरा, खगेश्वर प्रसाद चौहान, निरंतर मिंज, बसंती कश्यप, प्यारे लाल पटेल, सीताराम मिरी सेवानिवृत्त हुए हैं। सभी को 01 फरवरी को उनके पेंशन प्रकरण का निराकरण कर पेंशन पेमेंट ऑर्डर और ग्रेच्युटी पेमेंट ऑर्डर की कॉपी प्रदान किया गया।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देश के तहत सेवानिवृत हो रहे अधिकारी कर्मचारियों को उनके रिटायरमेंट के समय पर ही प्रकरण निराकृत कर भुगतान आदेश दिया जा रहा है। वरिष्ठ कोषालय अधिकारी बी.एस.मंडावी ने बताया कि रायगढ़ से बारह प्रकरण के लिये संबंधित आहरण अधिकारी के माध्यम से समस्त दस्तावेज तैयार करावाकर कर्मचारियों को सौंपा गया। उन्होंने समस्त आहरण संवितरण अधिकारियों से आग्रह किया कि सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों के पेंशन प्रकरण समय पर ऑनलाइन भेजे ताकि सेवानिवृत्ति उपरांत तत्काल पीपीओ एवं जीपीओ प्रदान किया जा सके। इस मौके पर वरिष्ठ कोषालय अधिकारी बी.एस.मंडावी, सहायक कोषालय अधिकारी पुष्पेंद्र चंन्द्रा उपस्थित रहे।

## विजुअल पुलिसिंग के साथ अपराधों पर नियंत्रण व असामाजिक तत्वों पर करें कार्यवाई : एसएसपी

- अपराध समीक्षा बैठक में एसएसपी ने थाना प्रभारियों को अवैध कोल खनन, जुआ, सट्टा, शराब और कबाड़ पर अंकुश लगाने के दिए निर्देश
- सीएसपी और एसडीओपी को अपराध नियंत्रण और रोड एक्सीडेंट में कमी लाने की दिशा पर साथ-साथ काम करने के निर्देश



**रायगढ़।** जिले का चार्ज लेने के बाद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायगढ़ सदानंद कुमार द्वारा आज सुबह 9:00 बजे पुलिस कंट्रोल रूम रायगढ़ में जिले के समस्त राजपत्रित पुलिस अधिकारियों, थाना/चौकी प्रभारियों तथा इकाई के समस्त शाखा प्रमुखों के साथ बैठक लिया गया। बैठक में एसएसपी सदानंद कुमार ने अपने कार्य करने के विजन को पुलिस अधिकारियों के साथ साझा कर थाना, चौकी प्रभारियों से कहा गया कि सभी एक्टिव मोड पर आ जावें। उन्होंने विजिबल पुलिसिंग के माध्यम से अपराधों पर नियंत्रण व असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई करने के निर्देश थाना, चौकी प्रभारियों को दिया गया है।

अपराध समीक्षा बैठक के प्रारंभ में उपस्थित जिले के अधिकारी, कर्मचारियों से परिचय प्राप्त कर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा रायगढ़ अनुभाग के थाना की पेंडेंसी से समीक्षा बैठक की शुरूआत किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने जिले में पुलिसिंग बढ़िया होनी चाहिये कहते हुए थाना क्षेत्र में निरंतर पेट्रालिंग के साथ थाना, चौकी प्रभारियों को प्रतिदिन शाम 4:00 से रात्रि 8:00 बजे पेट्रोलिंग पर स्वयं रहने के निर्देश दिये तथा सुबह थाने की पेट्रोलिंग के अलावा डायल 112 के वाहन को स्कूल तथा पार्को के नजदीक पेट्रोलिंग कराने के निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने सोशल पुलिसिंग के तहत "हमर सियान, हमर बेटी-हमर, हमर मान, साइबर चेतना, पुलिस जन चौपाल, चलित थाने जैसे कार्यक्रमों को जारी रखने कहा गया। उन्होंने सभी थाना, चौकियों में अनिवार्य रूप से आगंतुक रजिस्टर बनाकर प्रत्येक आने, जाने वाले व्यक्तियों के नाम, संपर्क नंबर अनिवार्य रूप से रजिस्टर में नोट कराने कहा गया।

मीटिंग में राजपत्रित अधिकारियों को अपराधों पर नियंत्रण के लिए कार्यवाही कराने के साथ-साथ रोड एक्सीडेंट में कमी लाने के लिए निरंतर आवश्यक कार्यवाही करने कहा गया। साथ ही अधिकारियों को उनके अनुभाग में लगाए गए सीसीटीवी कैमरा की समीक्षा करने और अधिक से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाने कहा गया है। एडिशनल एसपी संजय महादेवा को शहर के विभिन्न इलाकों में लगाए गए सीसीटीवी कैमरों की मॉनिटरिंग कंट्रोल रूम से कराए जाने का निर्देश दिया गया है। बीट सिस्टम को और अधिक मजबूत करने पर जोर देते हुए थानाक्षेत्र में बाहर से आए व्यक्तियों की चेकिंग तथा जिले में अवैध कोल खनन, जुआ सट्टा, शराब और अवैध कबाड़ पर अंकुश लगाने लगातार कार्यवाही का निर्देश थाना, चौकी प्रभारियों को दिया गया और कहा गया कि थाना क्षेत्र के ऐसे व्यक्तियों को चिन्हित कर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करें जो ज्यादातर झगड़ा विवाद में शामिल रहते हैं। प्राप्त शिकायतों का निराकरण 7 दिन के भीतर, शिकायतकर्ता के पास जाकर कथन, बयान लेकर करने को उचित जांच कार्यवाही बताया गया जिसका पालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने थाना चौकी प्रभारियों को 10 दिनों अवसर देते हुए पेंडेंसी कम करने और माइनर और प्रतिबंधात्मक कार्यवाही अधिकाधिक करने का लक्ष्य देकर आगामी दिनों में विस्तृत अपराध समीक्षा बैठक लेने अधिकारियों को बताया गया। बैठक में जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारीगण, रक्षित निरीक्षक, थाना/चौकी प्रभारी तथा पुलिस कार्यालय के स्टाफ उपस्थित थे।

## मूकबधिर भटके युवक को चक्रधरनगर पुलिस ने स्वजनों से मिलाया

**रायगढ़।** चक्रधरनगर पुलिस ने स्टेडियम के पास अकेले घूम रहे श्रवण बाधित, मूकबधिर भटके युवक को उसके स्वजनों से मिलाकर मानवता का परिचय दिया गया है। पुलिस की प्रचलित छवि नकारात्मक समझी जाती है, इसके विपरीत कई बार पुलिस के सामाजिक, मानवीय कार्यों से खाकी की छवि बेहतर दिखाई देती है। कल एक भटके हुए मूकबधिर युवक को उसके माता-पिता से मिलाकर नव पदस्थ थाना प्रभारी चक्रधरनगर उप निरीक्षक नंदलाल पैकरा ने माननीय और स्वयं को संतोष प्रदाय करने वाला कार्य किया गया है, जिसे जानने-सुनने वालों ने उन्मुक्त कंठ से थाना प्रभारी की प्रशंसा की जा रही है।

कल देर शाम एक युवक अपने साथ थाना चक्रधरनगर में पूरी तरह मूकबधिर एक युवक को लेकर आया और बताया कि मिनी स्टेडियम के पास युवक ने हाथ दिखाकर आगे तक लिफ्ट मांगा जिसे मोटरसाइकिल पर बिठाकर रेलवे स्टेशन तक ले गया। मोटरसाइकिल से उतरने पर पता चला कि लिफ्ट लिया हुआ युवक पूरी तरह से श्रवणहीन और मूकबधिर है। रेलवे स्टेशन से कहां जाएगा कहने पर युवक कुछ नहीं बताने पर युवक के परिजन उसे खोजते हुए थाना आएंगे विचार कर थाना ले आया।

पता चला कि युवक पूंजीपथरा थाना क्षेत्र अंतर्गत "स्पेशल बच्चों" के लिए खोले गए विद्यालय में पढ़ता है। युवक मूलत: सरायपाली, महासमुंद का रहने वाला है। युवक को उसके सुरक्षित उसके पिता के सुपुर्द किया गया। बेटे के सुरक्षित मिलने से उसके पिता काफी खुश हुए एवं पुलिस को धन्यवाद दिये।

# जिला स्तरीय रामायण मण्डली प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

- छत्तीसगढ़ की कला व संस्कृति को मिल रहा व्यापक मंच-जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल
- 'सजे मैया के दरबार' रामायण मंडली कंचनपुर को मिला प्रथम पुरस्कार, दिया गया 50 हजार रुपये का पुरस्कार
- विजेता मंडली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में करेगी जिले का प्रतिनिधित्व




**रायगढ़।** नगर निगम ऑडिटोरियम में जिला स्तरीय रामायण मंडली गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता की विजेता 7 मंडलियों ने प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल थे। इस अवसर पर कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा व सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में घरघोड़ा विकासखण्ड के 'सजे मैया के दरबार' कंचनपुर की मंडली विजेता रही। जिन्हें 50 हजार रुपये का चेक पुरस्कार स्वरूप प्रदान किया गया तथा शेष प्रतिभागी टीमों को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल ने जिला स्तरीय प्रतियोगिता में पहुंचने वाले प्रतिभागियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि हार जीत तो होती रहती है, हमें हमेशा अपना शत-प्रतिशत देना चाहिए। उन्होंने विजयी प्रतिभागियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जीत कर जिले का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ की पारंपरिक व सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देकर प्रदेश को राष्ट्रीय पटल पर एक नई पहचान दिलायी है।

कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने कहा कि गत दो वर्षो से यह आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने प्रतिभागियों को जिला स्तरीय प्रतियोगिता में जीत की बधाई दी। उन्होंने कहा कि मानस मंडली के रुप में पंजीकृत प्रत्येक मंडली को शासन द्वारा पांच हजार प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भगवान राम जब वनवास पर निकले तो छत्तीसगढ़ से होकर भी गुजरे। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा ऐसे सभी स्थानों को चिन्हांकित कर उन्हें राम वन गमन परिपथ के रूप में विकसित किया जा रहा है। जिसमें प्रदेश के उत्तरी छोर से दक्षिणी छोर तक के स्थान शामिल है। इसी कड़ी में प्रदेश में रामायण मंडलियों की यह गायन प्रतियोगिता भी आयोजित की जाती है। जिससे छत्तीसगढ़ के गांव में प्रचलित रामायण भजन गायन की यह पीढिय़ों पुरानी परंपरा को एक व्यापक मंच मिले तथा इससे जुड़े कलाकार अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सके। इस वर्ष राज्य स्तरीय प्रतियोगिता राजिम में आयोजित की जानी है। उन्होंने जिले के विजयी मंडली को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी।

**ये रहा परिणाम-** सहायक आयुक्त आदिवासी विकास अविनाश श्रीवास ने बताया की जिले में ग्राम पंचायत, विकासखंड के पश्चात आज जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विकासखण्ड घरघोड़ा के सजे मैय्या के दरबार कंचनपुर-प्रथम रहे एवं विकासखण्ड तमनार के सागर मानस मण्डली बरपाली-द्वितीय तथा पुसौर विकासखण्ड के पुसौर मारूति मानस मण्डली सरवानी ग्राम पंचायत बरपाली तृतीय रहे। जिला स्तरीय रामायण मण्डली प्रतियोगिता में सात विकासखण्डों से मानस मण्डली प्रतियोगिता में हिस्सा लिए थे इनमें विकासखंड धरमजयगढ़ से साई मानस मण्डली लिप्ती, पुसौर से पुसौर मारुति मानस मंडली सरवानी से ग्राम पंचायत बरपाली, खरसिया विकासखंड से मानस मंडली नवापारा पश्चिम, घरघोड़ा विकासखंड से सजे मैया के दरबार कंचनपुर, तमनार विकासखंड से सागर मानस मंडली ग्राम बरपाली, लैलूंगा विकासखंड से शिव मानस मंडली पिपराही ग्राम पंचायत कोडकेल, रायगढ़ विकासखंड से रामायण मंडली ग्राम पंचायत कांशीचुवां शामिल रहे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480